नवभारत
| संस्थापक : स्व. रामगोपाल माहेश्वरी | प्रेरणा स्रोत : स्व. प्रफुल्ल माहेश्वरी |

# समावेशी विकास का नया एजेंडा

जोहान्सबर्ग में संपन्न हुए जी - 20 शिखर सम्मेलन ने केवल वैश्विक अर्थव्यवस्था की दिशा तय नहीं की, बल्कि एक उभरती हुई सत्यता को भी रेखांकित किया है कि भारत अब वैश्विक बहसों का सहभागी मात्र नहीं, बल्कि एक निर्णायक नेतृत्वकर्ता है. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का संबोधन इस बदलती वैश्विक वास्तविकता का सबसे मजबूत प्रमाण बना, जिसमें उन्होंने 'वसुधैव कुटुंबकम्' की भारतीय सभ्यता-परंपरा को आधुनिक वैश्विक शासन मॉडल में ढालने का प्रयास किया. मोदी का भाषण कूटनीति की सामान्य औपचारिकताओं से अलग था. यह एक ऐसा 'एजेंडा फॉर एक्शन' था, जिसके केंद्र में ग्लोबल साउथ के वे करोड़ों लोग थे, जो अब तक विकास की मुख्य धारा से बाहर कर दिए गए थे. भारत ने जिस स्पष्टता और आत्मविश्वास के साथ विकासशील देशों की चिंताओं को उठाया, उसने जी - 20 मंच को अधिक व्यापक, अधिक न्यायसंगत और अधिक उत्तरदायी बनाने की दिशा में नई ऊर्जा भरी.

प्रधानमंत्री मोदी ने दुनिया के सामने एक पांच-सूत्रीय रोड मैप रखा, जो यह संदेश देता है कि 21वीं सदी की वैश्विक राजनीति सहयोग और साझा जिम्मेदारी पर आधारित होनी चाहिए. अफ्रीकी संघ को जी - 20 का स्थायी सदस्य बनाने का प्रस्ताव इतिहास में दर्ज होने योग्य कदम है. इससे न केवल अफ्रीका की आवाज़ को सम्मान मिला, बल्कि यह भी स्पष्ट हुआ कि भारत वास्तविक 'भागीदारी आधारित विकास' का समर्थक है.


इसी तरह ग्लोबल ट्रेडिशनल नॉलेज रिपॉजिटरी का प्रस्ताव यह याद दिलाता है कि विश्व स्वास्थ्य व्यवस्था केवल आधुनिक तकनीक पर नहीं, बल्कि पारंपरिक ज्ञान की समृद्ध विरासत पर भी खड़ी हो सकती है. आज जब विश्व औषधियों, योग, आयुर्वेद और प्राकृतिक उपचार की ओर लौट रहा है, तब यह मंच एक महत्वपूर्ण वैश्विक संसाधन बन सकता है.

अफ्रीका स्किल्स मल्टीप्लायर पहल, जहां भारत 10 लाख प्रशिक्षकों को प्रशिक्षित करेगा, यह केवल सहायता मूलक कार्यक्रम नहीं है, यह रोजगार, दक्षता और जन-सशक्तीकरण पर आधारित एक दीर्घकालिक सामरिक साझेदारी है. इससे भारत-अफ्रीका संबंधों का नया अध्याय खुलेगा, जिसमें नैतिकता और विकास दोनों का संतुलन होगा. इसके अलावा ड्रग-टेरर नेक्सस पर भी मोदी की चेतावनी समयोचित है. यह नेटवर्क दुनिया की आंतरिक सुरक्षा के लिए सबसे बड़ा खतरा बन चुका है. भारत ने जिस दृढ़ता से समन्वित वैश्विक कार्रवाई की मांग की, वह इस दिशा में बड़ा सामरिक कदम है.

जलवायु न्याय, यह वह शब्द है, जिसे भारत ने वैश्विक विमर्श में स्थापित किया है. मोदी ने इसे फिर दोहराया कि विकासशील देशों से उत्सर्जन कम करने की अपेक्षा तभी सार्थक होगी जब उन्हें पर्याप्त वित्तीय सहायता और तकनीकी मदद मिले. यह एक ऐसा संदेश है, जो अमीर और गरीब राष्ट्रों के बीच की खाई पाटने में निर्णायक हो सकता है. दरअसल, जी - 20 में भारत का यह दृष्टिकोण विश्वगुरु बनने की किसी दंभी घोषणा का हिस्सा नहीं, बल्कि एक जिम्मेदार शक्ति की शांत, आत्मविश्वासी और व्यावहारिक अभिव्यक्ति है. भारत ने यह दिखाया है कि वैश्विक चुनौतियों, महामारी, कौशल संकट, आतंकवाद, जलवायु परिवर्तन का समाधान अलगाव या प्रतिस्पर्धा में नहीं, बल्कि सहयोग, साझा तकनीक और समान अवसरों में है.

भारत का जी 20 एजेंडा यह स्पष्ट करता है कि भविष्य की दुनिया वही होगी जो सबसे कमजोर की आवाज़ सुनेगी. और इस नई वैश्विक व्यवस्था में भारत केवल एक सदस्य नहीं, बल्कि एक मार्गदर्शक भूमिका में दिखाई दे रहा है. जी 20 में मोदी की दृष्टि भारत की बढ़ती वैश्विक विश्वसनीयता, परिपक्वता और नेतृत्व शक्ति का प्रतीक है, एक ऐसा नेतृत्व जो दुनिया को विभाजित नहीं, बल्कि जोड़ने में विश्वास रखता है.

# नशे के खिलाफ पुलिस की बड़ी कामयाबी



अमित शाह
केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री

## अमित शाह ने एनसीबी और दिल्ली पुलिस को दी बधाई



**देश** में ड्रग तस्करी के खिलाफ चल रही सख्त मुहिम को बड़ी सफलता मिली है. नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) और दिल्ली पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सक्रिय एक मेगा ड्रग कार्टेल का भंडाफोड़ किया गया है. ऑपरेशन "Crystal Fortress" के तहत दिल्ली के छतरपुर क्षेत्र में की गई रेड में लगभग 328 किलोग्राम उच्च गुणवत्ता वाली मेथामफेटामाइन बरामद की गई, जिसकी बाजार कीमत करीब रु. 262 करोड़ आंकी जा रही है. यह दिल्ली में अब तक की सबसे बड़ी मेथामफेटामाइन ज़ब्तियों में से एक मानी जा रही है.

केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह ने इस सफलता के लिए एनसीबी और दिल्ली पुलिस की टीम को बधाई दी है. उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म X पर कहा कि मोदी सरकार ड्रग कार्टेल को "Top-to-bottom और bottom-to-top" अप्रोच से तेज़ी से समाप्त कर रही है. श्री शाह ने इसे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नशामुक्त भारत के विज़न के अनुरूप एक बड़ी उपलब्धि बताया और कहा कि यह ऑपरेशन कई एजेंसियों के बीच सीमलेस समन्वय का उत्कृष्ट उदाहरण है.

एनसीबी के अनुसार यह कार्रवाई कई महीनों से जुटाई जा रही खुफिया सूचनाओं, तकनीकी इंटरसेप्ट्स और लगातार निगरानी का परिणाम है. प्रारंभिक जांच में पता चला है कि यह ट्रांस-नेशनल नेटवर्क ड्रग कूरियर, लेयर हैंडलर और सेफ-हाउस के ज़रिए काम करता था, तथा दिल्ली को ड्रग वितरण के एक प्रमुख केंद्र के रूप में इस्तेमाल किया जा रहा था.

कार्रवाई के दौरान दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है, जिनमें नागालैंड की एक महिला भी शामिल है, जिसके घर से यह भारी मात्रा में मेथामफेटामाइन बरामद की गई. नागालैंड पुलिस के सहयोग से दोनों को हिरासत में लिया गया. जांच में यह भी सामने आया है कि इस नेटवर्क का एक अंतरराष्ट्रीय सरगना विदेश में बैठकर संचालन कर रहा था, जो 2024 में दिल्ली में हुई 82.5 किलो कोकीन ज़ब्ती के मामले में भी वांछित है. अंतरराष्ट्रीय एजेंसियों के साथ मिलकर भारत उसे कानूनी कार्रवाई के लिए वापस लाने की कोशिश कर रहा है.

एनसीबी ने इस ऑपरेशन को सिंथेटिक ड्रग कार्टेलों और उनके वैश्विक नेटवर्क को ध्वस्त करने की दिशा में बड़ी सफलता बताया है. साथ ही जनता से नशीले पदार्थों की बिक्री से जुड़े मामलों की सूचना MANAS - नेशनल नारकोटिक्स हेल्पलाइन (टोल-फ्री 1933) पर देने की अपील की है.

## विंध्य की डायरी



# एसआईआर के मैदान में जुटे भाजपाई, कांग्रेस प्रशिक्षण में



डॉ. रवि तिवारी

**म**तदाता सूची के गहन पुनरीक्षण का कार्य रीवा जिले भर में युद्ध स्तर पर चल रहा है. मतदाता के सत्यापन के लिये गणना पत्रक का वितरण और संकलन का काम हो रहा है ताकि मतदाता सूची का शुद्धीकरण हो सके. भाजपा और कांग्रेस दोनो एसआईआर को लेकर सक्रिय है. यह बात और है कि कांग्रेस के कार्यकर्ता से लेकर नेता तक केवल प्रशिक्षण एवं भाषण बाजी तक सीमित है. जबकि भाजपा के बूथ पन्ना प्रभारी से लेकर हर कार्यकर्ता मतदाता सूची को लेकर मैदान में ड़टा हुआ है. पार्टी के बड़े नेता भी कार्यकर्ताओं के साथ मतदाता सूची पर नजर बनाए हुए है ताकि पात्र मतदाताओं का नाम न हटे.

अभी हाल ही में रीवा पहुंचे प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद शर्मा ने एसआईआर को लेकर पार्टी के नेताओं से बात की. कार्यकर्ताओं को भी पूरी निष्ठा से अभियान में जुटे रहने का मंत्र दिया. इसके उलट कांग्रेस के कार्यकर्ता तो छोडिये पार्षद और ब्लाक स्तर के नेता तक एसआईआर को लेकर सक्रिय नही है. केवल प्रशिक्षण शिविर में भाषण बाजी तक कांग्रेस सीमित है. मैदानी स्तर पर मतदाताओं के बीच कांग्रेस कार्यकर्ता नजर नही आ रहे है. शिविर में नेता समझाइश और लापरवाही न बरतने की टिप्स दे रहे है पर मैदानी हकीकत यह है कि कांग्रेस के कार्यकर्ता पूरी तरह से उदासीन है. एसआईआर को लेकर यह कहना गलत नही होगा कि रीवा कांग्रेस संगठन नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के मंशा के अनुरूप पूरी तरह से असफल है. हमेशा की तरह यहां केवल हवा हवाई काम चल रहा है.

### किसकी पसंद का होगा नया युवा मोर्चा अध्यक्ष

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बनने के बाद हेमंत खंडेलवाल अपनी टीम को आकार देने में लगातार सक्रिय है. बहुप्रतीक्षित भाजपा युवा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष और महिला मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष की नियुक्ति के बाद जिला स्तर पर अध्यक्षो की नियुक्ति को लेकर जातीय समीकरण के साथ नए चेहरे की तलाश शुरू कर दी गई है. विद्यार्थी परिषद में सक्रिय नाम पर मोहर लग सकती है. खुद को अध्यक्ष के दावेदार के रूप में देखने वाले युवा नेता जिले से लेकर प्रदेश संगठन तक अपनी दौड़ शुरू कर दी है. रीवा एवं विंध्य के अन्य जिलो में अभी जो युवा मोर्चा के अध्यक्ष है कोई खास उभर कर सामने नही आए है और न ही ऐसी कोई राजनीतिक गतिविधियां रही है जिससे विंध्य का युवा अपना 'रोल माडल' मान सके. पिछले कई बार से युवा मोर्चा के अध्यक्ष क्षेत्रीय संगठन और युवाओं की पसंद पर नही बल्कि यह कहें कि मुख्यालय स्तर पर थोपे जा रहे है. उम्मीद इस बार भी है कि ऊपर से ही कोई नाम आएगा. या किसी बड़े नेता की पसंद का होगा.

### अब इंदौर भी दूर नहीं

रीवा एयरपोर्ट के शुभारंभ के बाद लगातार विंध्य महानगरो से जुड़ता जा रहा है. विकास को पंख लगने के साथ दिल्ली के बाद अब रीवा-इंदौर की सीधी उड़ान अगले माह से शुरू होने जा रही है. प्रतिदिन संचालित होने वाली हवाई सेवा की आधिकारिक घोषणा कर दी गई है. इंडिगो एयर लाइन 22 दिसम्बर से नई सीधी उड़ान शुरू करेगा. अभी तक इंदौर दूर लगता था लेकिन अब यह दूरी चंद घंटे में सिमट कर रह जाएगी. इस हवाई सेवा यात्रा से देश के महानगरो में जाना आसान होगा. हवाई सेवा की शुरूआत विंध्य के विकास में मील का पत्थर साबित होगी. पर्यटन के साथ औद्योगिक क्रांति में तेजी आने की उम्मीद है. सपनो के उड़ान का यह पहला पायदान है अभी बहुत कुछ आने वाला है. रनवे के विस्तार के बाद बड़े बोइंग विमान भी यहां उतारने की तैयारी है.

# बिहार की प्रयोगशाला से यूपी के लिए संकेत



*नीतीश कुमार ने 10,000 रुपए बैंक खातों में डालकर महिलाओं के वोट आकर्षित कर लिए. इन महिलाओं ने अपने परिवार के पुरुषों को भी जदयू-बीजेपी को वोट देने के लिए प्रेरित किया. यही फार्मूला यूपी के चुनाव में भी आजमाया जा सकता है.*

**दिल्ली** व लखनऊ के बीजेपी नेता यूपी के 2027 में होनेवाले विधानसभा चुनाव के लिए बिहार को प्रयोगशाला या लैब मानकर चल रहे थे. इस प्रयोग से पार्टी को विश्वसनीयता व गति मिली है. बीजेपी ने बिहार में जाति व समुदायों का संतुलन बनाए रखते हुए उम्मीदवारों को टिकट दिया. जमीनी स्तर पर समन्वय बनाया तथा बूथ प्रबंधन पर विशेष ध्यान दिया. बीजेपी परख रही थी कि सोशल इंजीनियरिंग का बिहार मॉडल यूपी की जटिल जाति व्यवस्था में कैसे कारगर हो सकता है. पिछले चुनावों की तुलना में बीजेपी ने इस बार बिहार में जाति समीकरण कुशलता से साधा. उसने पिछड़ों तथा अति पिछड़ों को उम्मीदवारी दी. ऊंची जातियों का प्रतिनिधित्व बनाए रखते हुए 6 यादवों को भी टिकट दिया. जदयू भी पिछड़ों, अति पिछड़ों व कुशवाहा समाज पर निर्भर रहा. पासवान समुदाय का विशेष ध्यान रखा गया. जहां तक उत्तप्रदेश का सवाल है, सपा के पिछड़ा, दलित व अल्पसंख्यक वोट बैंक से निपटने के लिए बीजेपी अपना सामाजिक दायरा बढ़ा रही है. केंद्रीय व राज्य स्तरीय नेतृत्व समाज कल्याण योजनाओं को बढ़ाने, ओबीसी व दलित समुदायों के बीच अपनी पैठ जमाने के लिए और अधिक सक्रियता दिखाएगा. बिहार के चुनाव से बीजेपी यह भी जान गई कि जदयू का संगठनात्मक ढांचा कितना कुशल और मजबूत है. इसमें वरिष्ठ नेताओं और जमीनी कार्यकर्ताओं के बीच समन्वय बना रहता है. इससे बूथ स्तर पर कामकाज सुधरता है. पहले से डेटा एकत्र कर उन कमजोर सीटों की पहचान की जा सकती है जहां अधिक मेहनत करनी है. बिहार और उत्तरप्रदेश दोनों राज्यों की सामाजिक व आर्थिक स्थितियां एक जैसी हैं इसलिए बिहार के समान रणनीति यूपी में भी अपनाई जा सकती है.

-एम. पी. मिश्रा

संपादकीय बोर्ड | प्रबंध संपादक : सुमीत माहेश्वरी, समूह संपादक : क्रांति चतुर्वेदी

## निशानेबाज

# राजनीति का नशा या सुरूर अकेले पड़ गए हैं शशि थरूर




**प**ड़ोसी ने हमसे कहा, 'निशानेबाज, राजनीति में एक नशा या सुरूर रहता है लेकिन आज के हालात में कांग्रेस सांसद शशि थरूर खुद को अकेला व मजबूर महसूस कर रहे हैं. थरूर ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के रामनाथ गोयनका स्मृति व्याख्यान की खुलकर प्रशंसा की. इससे भड़ककर कांग्रेस नेता संदीप दीक्षित ने कहा कि अगर थरूर को लगता है कि बीजेपी या मोदी की नीतियां कांग्रेस से बेहतर हैं तो वे पार्टी में क्यों हैं? बीजेपी में चले क्यों नहीं जाते?'

हमने कहा, 'मोदी का गुणगान करने वाले थरूर शायद भूल गए कि जब उन्होंने अपनी प्रेमिका सुनंदा पुष्कर के लिए आईपीएल की टीम खरीदी थी तब प्रधानमंत्री मोदी ने उन पर फिकरा कसते हुए कहा था- वाह 20 करोड़ की गर्लफ्रेंड!' पड़ोसी ने कहा, 'निशानेबाज, थरूर का दृष्टिकोण व्यापक है. वह कभी प्रियंका गांधी का समर्थन करते हैं तो कभी बीजेपी नेता और वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल के साथ सेल्फी भी लेते हैं. वह यूएन में अंडर सेक्रेटरी रह चुके हैं. उनकी अंग्रेजी पर असाधारण कमांड है. उनके भारीभरकम और जटिल शब्दों को समझने के लिए डिक्शनरी देखनी पड़ती है. वे तिरुवनंतपुरम से 4 बार सांसद चुने गए जो उनकी लोकप्रियता को दर्शाता है. उन्हें मनमोहन सिंह की यूपीए सरकार के दौरान विदेशमंत्री बनाया गया था. तब वह सांसदों के निवास में न रहकर फाइव स्टार होटल में रहते थे. उनकी दलील थी कि होटल में बार, स्विमिंग पूल और प्राइवेसी है जहां वह अपने विदेशी मेहमानों की अच्छी तरह खातिरदारी कर सकते हैं. इस समय कांग्रेस उनकी प्रतिभा और पर्सनालिटी का इस्तेमाल नहीं कर रही है. मोदी उनके कद्रदान हैं पहलगाम आतंकी हमले के बाद आपरेशन सिंदूर के संबंध में भारत का पक्ष रखने के लिए मोदी ने थरूर के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल विदेश भेजा था.'

हमने कहा, 'थरूर ने मल्लिकार्जुन खड़गे के खिलाफ कांग्रेस अध्यक्ष का चुनाव लड़ने की गलती की थी. उन्होंने केरल की वाम मोर्चा सरकार की कुछ नीतियों की तारीफ की थी. वह दो नावों पर सवारी कर रहे हैं. या तो वे राहुल की मोहब्बत की दुकान के सेल्समैन बन जाएं नहीं तो नमो नमो करते हुए भाजपा का भजन करें. शायद शशि थरूर को ऐसा लग रहा होगा कि कांग्रेस पार्टी ऐसा डूबता जहाज है जिसे छोड़कर चूहे भी भाग जाते हैं. इसीलिए मोदी उनके मन को भा रहे हैं.'

## शब्द-सागर : डॉ. सागर खादीवाला

### CROSS WORD 12089

- डॉ. सागर खादीवाला

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | ■ | 3 | ■ | 4 | 5 |
| | ■ | 6 | 7 | | 8 | ■ | |
| 9 | 10 | | | ■ | 11 | 12 | |
| 13 | | ■ | 14 | 15 | | | ■ |
| ■ | 16 | 17 | | | ■ | ■ | 18 |
| 19 | ■ | | ■ | 20 | 21 | 22 | |
| 23 | 24 | | | ■ | 25 | | |
| 26 | | | ■ | 27 | | | ■ |

**ऊपर से नीचे**

1. जिसके लिए प्रार्थना की जाए (सं.) 2. अंधकार, पाप (सं.) 3. वश, जोर, अधिकार (उर्दू) 5. कथा, आख्यायिका, मन से गढ़ी बात 7. मारे हुए और घायल (सं.) 8. हवा, पवन 10. रक्षा करने वाला 12. थोड़ा, कम (सं.) 15. पाठ, शिक्षा, नसीहत, वह दंड जो चेतावनी का काम दें (उर्दू) 17. दानेदार, शुभचिंतक (उर्दू) 18. जलाना, प्रज्वलित करना 19. तपस्वियों का निवास स्थान, तपोवन, साधु-संत की कुटी 21. नाटक आदि को मंच पर प्रस्तुत करना 22. भयभीत होना 24. आनंद, सुख, हंसी-दिल्लगी, लुफ्त (उर्दू)

**बाएं से दाएं**

1. एक प्राचीन भाषा, स्वाभाविक, प्रकृति का 4. खिडकी दरवाजों पर टांगने वाला बांस की तीलियों का बना हुआ झीना पर्दा (उर्दू) 6. प्रेमपात्र (उर्दू) 9. रस न होने या रसहीन होने की अवस्था या भाव 11. रात (सं.) 13. एक देवयोनि जिसके राजा कुबेर हैं 14. हार्दिक कामना (उर्दू) 16. करामात, हुनर 20. धातु या दरियायी नारियल का जलपात्र 23. सार्वजनिक हित के लिए स्वेच्छा से अपने श्रम का निर्माण कार्य में दान देकर सहयोग देना 25. पशुओं का घास आदि खाना 26. कन्न, समाधि (उर्दू) 27. बीनना, निर्वाचित करना

**Solution 12088**

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| स्वा | क्ष | रि | त | ■ | श | कु | नि |
| व | य | ■ | प्त | ■ | ■ | च | ■ |
| लं | ■ | बे | ■ | स | र | ल | ■ |
| बी | र | ब | हू | टी | ■ | ना | प |
| ■ | ■ | स | र | क | ना | ■ | ह |
| ब | स | ■ | ना | ■ | मां | ■ | चा |
| र | मा | ना | ■ | आ | क | ल | न |
| स | ज | ल | न | य | न | ■ | ना |

## ज्योतिषाचार्य प्रियंका नारायणशंकर व्यास, कोतवाली बाजार, जबलपुर (म.प्र.)

### आज जिनका जन्मदिन है


वर्ष के प्रारंभ में भवन संबंधी विवाद का सामना करना पड़ेगा, व्यर्थ वाद विवाद से मतभेद बढ़ेगा, वर्ष के मध्य में रचनात्मक कार्यो में सफलता मिलेगी, व्यापार व्यवसाय में प्रगति होगी, राज सम्मान एवं मान प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी.

मेष और वृश्चिक राशि के व्यक्तियों को व्यापार में प्रगति होगी, वृष और तुला राशि के व्यक्तियों को वाहन का सुख प्राप्त होगा, कर्क राशि के व्यक्तियों को रचनात्मक कार्यो में सफलता मिलेगी, सिंह राशि के व्यक्तियों को परिश्रम अधिक करना होगा, धनु और मीन राशि के व्यक्तियों को मनोबल में वृद्धि होगी, मिथुन और कन्या राशि के व्यक्तियों को मान प्रतिष्ठा और सम्मान की प्राप्ति होगी, मकर और कुंभ राशि के व्यक्तियों को राजनैतिक कार्योमें सफलता प्राप्त होगी.

### आज जन्मे शिशु का भविष्य

आज जन्म लिया बालक दुबला पतला, स्वतंत्र विचारपों का सहिष्णु एवं सहयोगी भावना वाला होगा, इनमें क्रोध को नियंत्रण करने की क्षमता रहेगी, स्वयं हानि उठाकर दूसरों को लाभ पहुंचाने वाला होगा.

### उदयकालीन ग्रह चाल




**मेष**- धार्मिक आयोजन में शामिल होकर खुशी होगी, परिचितों के कारण कामकाज में परेशानी होगी, आकस्मिक धन प्राप्त होगा, लाभदायक योजनाओं का विकास होगा.

**वृषभ**- अधिकारी नाराज हो सकते हैं, गुप्त शत्रुओं के अवरोध के कारण दैनिक कार्य संपादन में परेशानी होगी, खर्च की अधिकता बनी रहेगी.

**मिथुन**- बुजुर्गों के स्वास्थ्य की चिन्ता रहेगी, मित्रों से विवाद की संभावना है, व्यापार में उत्तम सफलता मिलेगी, जीवनसाथी के सहयोग से कार्य बनेगा.

**कर्क**- बिखरे काम को समेटने में सफलता मिलेगी, जानबूझकद सहकर्मी नुकसान पहुचाने का प्रयत्न करेंगे, पारिवारिक कार्यो में व्यस्तता रहेगी, जल्दबाजी न करें.

**सिंह**- समय पर मदद न मिलने से परेशानी होगी, भावनाओं में बहकर महत्वपूर्ण निर्णय न करें, श्रम करने से इच्छित सफलता मिलेगी, निजी पुरूषार्थ बना रहेगा.

**कन्या**- विपरीत परिस्थिति में समझौता करना लाभकारी रहेगा, रोजगार संबंधी कार्यो में व्यस्तता रहेगी, महत्वपूर्ण उपलब्धि मिलेगी, प्रयास सार्थक होगा.

**तुला**- पुराना विवाद हल होगा, तीखी बातों से करीबी नाराज हो सकते हैं, शिक्षा संतान कार्यो में सफलता मिलेगी, निजी कार्यो में व्यस्तता रहेगी.

**वृश्चिक**- अधिक भागदौड़ से स्वास्थ्य प्रभावित होगा, कानूनी मामले सुलझने के आसार हैं, नौकरी में अधिकारियों का सहयोग रहेगा, दूर दराज की यात्रा होगी.

**धनु**- भाग्य से लाभदायक अवसर हाथ में आ सकते हैं, कैरियर में बेहतर प्रस्ताव मिलेंगे, शारीरिक कष्ट, मानसिक परेशानी होगी, प्रियजनों का सहयोग रहेगा.

**मकर**- विरोधी नीचा दिखाने की कोशिश करेंगे, अपनों के स्वास्थ्य की चिन्ता होगी, खर्च अधिक होगा, स्वजनों से संतुलित संभाषण हितकर रहेगा, शुभ संदेश रहेगा.

**कुम्भ**- न्यायालयीन मामलों में सफलता मिलेगी, रक्त संबंधियों से मतभेद होगा, सामाजिक कार्य में सफलता, यश, सम्मान प्राप्त होने का योग है.

**मीन**- नौकरी में अधिकारियों का सहयोग रहेगा, कारोबारी दूर दराज की यात्रा होगी, खर्च अधिक होगा, यश मिलेगा. अतिथि आगमन का योग है.

### पंचांग

रा.मि. 03 संवत् 2082 मार्गशीर्ष शुक्ल चतुर्थी चन्द्रवासरे शाम 6/18, पूर्वाषाढ़ नक्षत्रे रात 7/56, शूल योगे दिन 11/49, विष्टि करणे सू.उ. 6/41, सू.अ. 5/19, चन्द्रचार धनु रात 2/17 से मकर, पर्व- वैनायकी गणेश चतुर्थी व्रत, शु.रा. 9,11,12,3,5,7 अ.रा. 10,1,2,4,6,8 शुभांक- 2,4,8.

### व्यापार भविष्य

मार्गशीर्ष शुक्ल चतुर्थी को पूर्वाषाढ़ नक्षत्र के प्रभाव से गुड़, खांड़, शक्कर, जूट, पाट, बारदाना, में मंदी होगी, गेहूँ, जौ, चना, बाजरा, उड़द, मूँग, मोठ, में तेजी होगी, जिस वस्तु में पिछले दिन के भाव बढ़े उसी में मार्केट टूटेगी. भाग्यांक 1409 हैं.

### SUDOKU 7221

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 1 | | | | | 6 |
| 7 | | 2 | | 5 | | | | 9 |
| | | 4 | | | 2 | 7 | 5 | |
| 5 | 7 | | | | 9 | | 1 | 8 |
| | | | | 6 | | | | |
| 6 | 1 | | 3 | | | | 2 | 4 |
| | 5 | 1 | 9 | | | 8 | | |
| 2 | | | | 8 | | 9 | | 1 |
| 9 | | | | | 3 | | | |

■ प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक है. इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है. आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 333 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें. ■ पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते. ■ पहेली का केवल एक ही हल है.

**नवभारत सू-डो-कू 7220**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 9 | 3 | 2 | 4 | 6 | 5 | 8 | 7 |
| 4 | 7 | 2 | 5 | 1 | 8 | 3 | 6 | 9 |
| 6 | 5 | 8 | 7 | 3 | 9 | 1 | 2 | 4 |
| 3 | 8 | 9 | 4 | 5 | 1 | 2 | 7 | 6 |
| 2 | 4 | 7 | 6 | 9 | 3 | 8 | 1 | 5 |
| 5 | 1 | 6 | 8 | 7 | 2 | 4 | 9 | 3 |
| 8 | 2 | 4 | 9 | 6 | 5 | 7 | 3 | 1 |
| 7 | 6 | 1 | 3 | 2 | 4 | 9 | 5 | 8 |
| 9 | 3 | 5 | 1 | 8 | 7 | 6 | 4 | 2 |